तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 25 जून 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



11 सड़क निर्माण को लेकर जताई चिंता, अफसर...



12 अस्पताल में योगा




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


# संभाग के 524890 लोगों की जांच में 7927 मलेरिया से पीड़ित मिले

**स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर, हाट बाजारों व स्कूलों में किया मलेरिया टेस्ट**

**ग्रामीण अंचल में पीड़ित की संख्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों में साढ़े 5 महीने में स्वास्थ्य विभाग ने 5 लाख 24 हजार 890 लोगों की मलेरिया की जांच की, जिसमें 7927 पॉजिटिव मरीज मिले। सभी का उपचार के बाद सभी मरीज स्वस्थ हुए। इसमें से ग्रामीण अंचलों में मलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा मिली है। हालांकि स्वास्थ विभाग मलेरिया से पीड़ित इन मरीजों को बेहतर ईलाज देने के साथ पर्याप्त मात्रा मे दवा उपलब्ध कराया गया है। बस्तर में नक्सलवाद के साथ-साथ मलेरिया भी एक प्रमुख समस्या है, संभाग के साढ़े 5 महीने में एक भी मलेरिया से मौत नहीं हुई। स्वास्थ विभाग की टीम घर घर जाकर, हाट बाजारों और स्कूलों में मलेरिया टेस्ट करती है।



### मरीज हुए स्वस्थ

*बताया जा रहा है कि सातों जिलों में से साढ़े 5 महीने पर जांच में बस्तर में 1067, कोंडागांव में 677, नारायणपुर में 1227, कांकेर में 164, बीजापुर में 3596 एवं सुकमा में 1196 मलेरिया के मरीज मिले थे। स्वास्थ्य विभाग की तैयारी के चलते सभी मरीज स्वस्थ्य हुए।*

### ग्रामीणों को कर रहे जागरूक

*स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में किट, मच्छरदानी और मलेरिया से बचने के लिए दवा उपलब्ध है। जांच के साथ-साथ स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा इसके रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### तहसीलद व नायब तहसीलदारों की हुई नवीन पदस्थापना

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने जिले में प्रशासकीय दृष्टिकोण से तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। जिसके तहत तहसीलदार रूपेश कुमार मरकाम को तहसीलदार जगदलपुर के साथ ही न्यायालय नायब तहसीलदार कुरंदी का अतिरिक्त प्रभार, राहुल गुप्ता को तहसीलदार जगदलपुर नजूल के साथ ही न्यायालय नायब तहसीलदार फ्रेजरपुर का अतिरिक्त प्रभार, सुनील कुमार ध्रुव को तहसीलदार दरभा और नायब तहसीलदार पुष्पराज मिश्रा को प्रभारी तहसीलदार बास्तानार एवं रोहन कुमार बिसी को नायब तहसीलदार नानगुर पदस्थ किया गया है।

### विपश्यना ध्यान साधना आवासीय शिविर आज से

**जगदलपुर।** शहर के कोया कुटमा भवन में 10 दिवसीय 25 जून से 6 जुलाई तक विपश्यना ध्यान साधना आवासीय शिविर का आयोजन निशुल्क किया जाएगा। यह शिविर दुःख मुक्त और सुख शांती से जीने के साधना है। विपश्यना ध्यान साधना विधि के दैनिक जीवन में कई लाभ है जैसे मानसिक विकारों, राग, द्वेष, मोह, भय, अहंकार, तणाव, बेचैनी आदि से मुक्ति, दुख मुक्ति, मन की वास्तविक शांति, पल-प्रतिपल सत्य दर्शन, मानसिक तनावों से मुक्ति, चरित्र निर्माण, आत्म दर्शन, अंधभक्ति से छुटकारा, सर्वमंगल आदि शामिल है।

### परीक्षा पास कर आसान बना ली इंजीनियर बनने की राह



**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के छात्र दामोदर बघेल और छात्रा अमृता मौर्य ने दक्षणा फाउन्डेशन के सहयोग से संचालित नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल सोसायटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंजीनियर बनने के सपने को नई उड़ान दी है। सफल विद्यार्थियों को भोपाल के एकलव्य में जेईई की परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी। जिससे आदिवासी बच्चों का इंजिनियर बनने का सपना आसान और सुगम हो सके।एक माह पूर्व भी इसी विद्यालय से दो विद्यार्थियों का चयन नासिक महाराष्ट्र के लिए हुआ था।प्रधानाचार्य जी शिवा रेड्डी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सफल हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के दो बच्चों का चयन नीट की फ्री कोचिंग परीक्षा में भी हुआ था। सफल विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य सहित गणित शिक्षकों अनिल कुलड़िया एवं कनिष्क चौधरी का आभार माना हैं।

### खेत में मिला अजगर सांप, जंगल में छोड़ा गया

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम तराई घोटिया के कृषक मुकेश कल्लो के खेत में लगभग 8 फीट का अजगर सांप दिखा। किसानों ने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दिया। गाँव से पहुँचे लोगों ने अजगर को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित जंगल की ओर छोड़ा।

## आम की खुशबू अब संघर्ष की नहीं समृद्धि की पहचान बन रही

# जंगलों में तीर-कमान नहीं बल्कि फल फूल और भविष्य के सपने पनप रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

अगर सोच हो तो जमीन कोई भी हो बदलाव की फसल जरूर लहलहाती है। बस्तर के जंगलों में अब सिर्फ तीर-कमान नहीं बल्कि फल, फूल और भविष्य के सपने पनप रहे हैं। आम की खुशबू अब संघर्ष की नहीं समृद्धि की पहचान बन रही है। ईशांश और शुभम जैसे किसान आज देश के लिए प्रेरणा हैं और बस्तर की ये बगिया बताती है कि अगर हौंसला हो, तो कोई भी जमीन बंजर नहीं होती और शायद यही असली विकास का फल है जो अब हमारे गांवों से शहरों तक पहुंच रहा है। बस्तर के दो युवा आम के ऐसे जादूगर बन गए हैं, जिन्होंने ना सिर्फ दर्जनों किस्मों के आम बचाए हैं बल्कि अब दुनिया के सबसे महंगे आम मियाजाकी को भी उगाने की तैयारी कर रहे हैं। बस्तर की हरी-भरी बगिया में जहां सफलता के पेड़ अब फल देने लगे हैं।

बस्तर जिले के बकावंड इलाके में दूर-दराज के जंगलों के बीच एक ऐसी बगिया जिसे आज लोग मैंगो वैली भी कहने लगे हैं।



### वैज्ञानिक प्रयोगशाला बन चुके हैं खेत

ईशांश ने बताया कि केवल आम ही नहीं अपने खेत में इंटरक्रॉपिंग का ऐसा मॉडल तैयार किया है जो बाकी किसानों के लिए प्रेरणा बन रहा है। आम के पेड़ों के बीच नारियल के पौधे, पपीता, लीची, अनानास और दूसरी फलदार फसलें उग रहे हैं। खेती अब इनके लिए केवल आजीविका नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रयोगशाला बन चुकी है, जिसमें हर दिन कुछ नया सीखने और सिखाने का मौका होता है।

### बागवानी सीख रहे आसपास के युवा

शुभम ने बताया कि अब इनका अगला लक्ष्य है जापान में फलने वाला आम। वहां का आम लाल रंग का रसीला फल, जिसकी बाजार में कीमत 3.5 लाख रुपए प्रति किलो तक होती है। अब बस्तर की मिट्टी में अपनी जगह बना रहा है। इसको लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आने वाले सालों में इसके फल बस्तर की नई पहचान बन सकते हैं। आसपास के गांवों से युवा यहां आकर बागवानी सीखते हैं। आधुनिक तकनीक, जैविक विधि और फलों की वैज्ञानिक समझ लेकर लौटते हैं, कुछ तो अपने खेतों में भी इनका मॉडल लागू कर चुके हैं। बस्तर का यह प्रयोग अब ग्रामीण नवाचार का रोल मॉडल बनता जा रहा है।

इस बगिया के पीछे आम की 40 से ज्यादा प्रजातियों का संरक्षण किया है, जिनमें से कई किस्में तो अब दुर्लभ मानी जाती हैं। दशहरी, आम्रपाली, लंगड़ा, केसर, बॉम्बे ग्रीन, सिंदूरी, अरुणिका जिसका दर 300 रुपए किलो बिकता है। यहां तक कि बारहमासी आम का खेत है। ईशांश और शुभम ने बताया कि आम की अच्छी पैदावार के लिए 30-40 डिग्री तापमान और 7 से 5 पीएच वाली मिट्टी सबसे बेहतर होती है जो बस्तर में सहज उपलब्ध है। यही कारण है कि उन्होंने पारंपरिक खेती को छोड़ कर उन्नत और पूरी तरह जैविक खेती का रास्ता अपनाया। इनके बागान में रासायनिक खाद या कीटनाशकों का कोई नामो-निशान नहीं है। हर चीज प्राकृतिक हर तरीका सस्टेनेबल है। खुद सीखने की कोशिश की छोटे पैमाने से शुरू किया, फिर रिसर्च किया कि बस्तर में क्या मुमकिन है। अब 1500 से ज्यादा पेड़ हैं और 6 से ज्यादा किस्में हर साल फल दे रही हैं। प्रत्येक एकड़ में 7 से 8 क्विंटल निकलता है। हर वर्ष 7 से 8 लाख के मुनाफे होते हैं, यह आम बस्तर, रायपुर, हैदराबाद के अलावा मुंबई में भी सप्लाई होता है।

## उपकेन्द्र से 11 गांव के 3965 उपभोक्ताओं को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्रामीणों को बार-बार बिजली बंद होने व लो-वॉल्टेज की समस्या से मिला छुटकारा
- बकावंड ब्लॉक के सरगीपाल में किया गया शुरू

बस्तर जिले अंतर्गत बकावंड ब्लॉक के सरगीपाल में बहुप्रतीक्षित उपकेन्द्र शुरू होने से आसपास के लगभग 11 गांव के 3965 उपभोक्ताओं को राहत मिली। ग्रामीणों ने बताया कि इस उपकेन्द्र से उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने एवं लो-वॉल्टेज की समस्या से छुटकारा मिला, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत कंपनी की ओर सरगीपाल में 33, 11 केव्ही 3.15 एमवीए उपकेन्द्र को सोमवार को शुरू किया, जिसमें ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, सुदीप खेस, नंद कुमार मांझी, सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ठ अभियंता अजय ठाकुर आदि शामिल रहे। इस उपकेन्द्र से 11 गांव सरगीपाल, मसगांव, दसापाल, तुंगापाल, छोटेदेवड़ा, ढोढरेपाल, कोसमी, भेजरीपदर, नलपावंड, पीठापुर एवं बजावंड आदि के लगभग 3965 उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा मिल रही है।

### शिकायत से स्थल पर पहुंचे

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि क्षेत्र के डीई, सहायक, कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायत से स्थल पर पहुंचकर हर संभव निराकरण करें। हितग्राहियों की समस्या दूर करने को दें प्राथमिकता दें।

## नक्सल मोर्चे पर अदम्य साहस दिखाने वाले जवानों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल मोर्चे पर अदम्य साहस व वीरता का परिचय देने वाले जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति देकर सम्मानित किया गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने दो आरक्षक व चार प्रधान आरक्षकों को रिबन व स्टार लगाकर सम्मानित किया। एसपी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान गोबेल व रेखावाया मुठभेड़ में नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देकर खदेड़ने वाले दो आरक्षक व तीन प्रधान आरक्षकों को क्रम से पूर्व पदोन्नति दिया गया है। नक्सल मुठभेड़ में साहस का परिचय देने वाले जवानों में बस्तर जिले के डीआरजी के दो जवान को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई इनमें धर्मेंद्र कुमार एवं चेतन यादव को रिबन लगाकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले जवानों में नवीन नेताम, धनसाय कश्यप, कन्हाई कश्यप व शेखचंद बघेल शामिल है। सभी जवानों को एसपी द्वारा पदोन्नत होने पर बधाई देने के साथ ही नए जिम्मेदारी को और अधिक मनोयोग एवं ऊर्जा के साथ अनुशासित रहकर निर्वहन करने के निर्देश दिया गया। जवानों को पदोन्नति से सम्मानित करने के दौरान एसपी, डीएसपी नक्सल ऑप्स भारसिंह मण्डावी, रक्षित निरीक्षक अभिजीत सिंह व अन्य स्टॉफ मौजूद थे।



## जमीन को लेकर चल रहे विवाद में की थी ग्रामीण से मारपीट, उपचार के दौरान मौत

*एक की ही गिरफ्तारी हुई है, बाकी घटना के बाद से फरार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम लामकेर में जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के लोगों ने एक बुजुर्ग के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में घायल ग्रामीण को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया, जहाँ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना में कई आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, एक की ही गिरफ्तारी हुई है, बाकी घटना के बाद से फरार है।

मामले की जानकारी देते हुए लामकेर सरपंच लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि तुलसी मौर्य व टिबरू के बीच कुछ वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इनके द्वारा पंचायत में किसी भी प्रकार से कोई भी सूचना नही दिया गया था, 20 जून को बुवाई किया हुआ खेत में तुलसी मौर्य अपने भांजा महेश कश्यप व अन्य 12 से 15 लोगों को लेकर खेत पहुँचा। बुआई किए हुए खेत में ट्रैक्टर साथ मजदूरों के द्वारा फिर से बुवाई करने लगा, मोके पर टिबरु पहुंचकर विरोध करने पर जमीन की बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करने लगे, जहाँ मारपीट से टिबरु गंभीर रूप से घायल हो गया, जहाँ उसे पहले बस्तर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, उसके बाद उसे 108 की मदद से मेकाज लाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, इस घटना के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रहे है। घटना के दूसरे दिन लामकेर के सरपंच सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग बस्तर थाना प्रभारी से की है।

### मृतक के पिता से भी षड्यंत्र कर जमीन का हुआ था बंटवारा

*सरपंच लक्ष्मण ने बताया कि टिबरु के पिता लछिनधर को आज से 15 वर्ष पहले कुछ लोगों ने षड्यंत्र पूर्वक हिस्सा बंटवारा व दलालों के द्वारा बिक्रीनामा किया गया था। वही बेचने के बाद आज तक इस जमीन का सीमांकन भी नही किया गया था।*

### मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

*इस मामले में बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि 20 जून को हुए मारपीट मामले में पुलिस ने पहले ही एफआईआर दर्ज कर लिया था। लेकिन टिबरु की मौत के बाद से एफआईआर में धाराएं बदली गई। इस मामले में तुलसी के भांजे महेश की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।*

## आज भी कांग्रेस की मानसिकता में बदलाव नहीं: सांसद

# सत्ता बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सांसद महेश कश्यप ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता में बताया कि 25 जून 1975 की आधी रात को तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल लगा दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता न्यायपालिक की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया। जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस इस मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नियत आज भी वैसे ही तानाशाही वाली है।




सांसद ने कहा कि मार्च 1971 में लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बावजूद इंदिरा गांधी की वैधानिकता को चुनौती मिली। उनके विपक्षी उम्मीदवार राज नारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनाव को भ्रष्ट आचरण और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आधार पर चुनौती दी । देश की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही थी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा था। देश पहले से ही आर्थिक बदहाली महंगाई और खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था।

### छात्रों के नेतृत्व में खड़ा हुआ था नवनिर्माण आंदोलन

*बिहार और गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नवनिर्माण आंदोलन खड़ा हो चुका था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में ऐतिहासिक रेल हड़ताल ने पूरे देश को जकड़ लिया। इस आंदोलन को रोकने के लिए 1974 में गुजरात में इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति शासन लगा दिया। यही राष्ट्रपति शासन 1975 में लगने वाले आपातकाल की एक शुरूआत था।*

### इनकी रही मौजूदगी

*इस दौरान रूपसिंह ,घासीराम नाग,पूर्व श्रीनिवास मुदलियार, जिलाराम राना के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।*

## बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- उपमुख्यमंत्री ने नागरिकों से संदिग्ध व्यक्ति की पहचान पर तुरंत संपर्क करने कहा

पुलिस विभाग ने टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान हो रही है।

### सूचनाओं को गंभीरता से लें: गृहमंत्री

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा न पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें और सतर्कता बरतें एवं जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही इस अभियान को लेकर आम नागरिकों में जागरुकता फैलाने हेतु प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि घुसपैठ के मामलों की पुष्टि के लिए प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पूर्ण जांच की जाएगी ताकि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के लिए 26 को विशेष शिविर

**कोण्डागांव।** जिले को नागरिकों की सुविधा हेतु जिले में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में 26 जून को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में कोण्डागांव जिले के पंजीकृत वाहनों का हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बुकिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन के लिए लोगो को अपने साथ वाहन का आरसी कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ आना होगा। निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात नंबर प्लेट के लिए आवेदन किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन पश्चात दिये गये समय पर कंपनी के फिटमेन्ट सेंन्टर में जाकर वाहन में नंबर प्लेट लगाया जा सकता है। साथ ही जिन लोगों के वाहन में मोबाईल नंबर अपटेड नहीं है उन वाहनों में मोबाइल नंबर अपटेड का भी कार्य जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में किया जाएगा। 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है।

### आरटीई से स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन लेंगे 1 से

**कोण्डागांव।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए रिक्त सीट के विरुद्ध अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए वेब पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की द्वितीय चरण की प्रक्रिया में आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर.टी.आई के अंतर्गत नर्सरी के लिए 3 से 4 वर्ष, केजी–1 के लिए 4 से 5 वर्ष तथा कक्षा पहली के लिए 5 से 6.6 वर्ष तक के बच्चों को दूर्बल वर्ग अंतर्गत एसटी, एससी, ओबीसी तथा सामान्य वर्ग हो बी.पी.एल. कार्ड धारी, एचआईवी पीड़ित परिवार तथा असुविधा ग्रस्त वर्ग अंतर्गत एसटी, एससी जाति प्रमाण पत्र की पात्रता होनी चाहिए। वे किसी भी जनपद, विकासखण्ड कार्यालयों तथा च्वाईस सेंटर पर जा कर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं वर्ग के अनुसार जाति प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा के नीचे प्रमाण, सरकारी अस्पताल से प्रमाण पत्र एवं चाइल्ड वेलफेयर समिति की सूची में नाम शामिल है।

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र अपात्र सूची जारी

कोण्डागांव। जिला कोण्डागांव में संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ड्ब्ल्यूडीटी सदस्य यांत्रिकी, ड्ब्ल्यूडीटी सदस्य आजीविका एवं ड्ब्ल्यूडीटी लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर परियोजना स्तर के लिए प्राप्त आवेदनों का कम्प्यूटर इंद्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर ली गई है। यह सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार यदि किसी अभ्यर्थी को उक्त सूची में अपनी पात्रता को लेकर कोई आपत्ति है, तो वह निर्धारित प्रारूप में 23 जून 2025 से 30 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में शाम 5:30 बजे तक अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थी को स्वयं कार्यालय में उपस्थित होना होगा अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपनी आपत्ति भेजनी होगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### तीन दिव्यांगजनों को मिला सहायक उपकरण

**कांकेर।** जिले के दो दिव्यांगजनों को जिला पंचायत परिसर में समाज कल्याण विभाग की ओर से सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि चारामा विकासखण्ड के ग्राम टांहकापार जेपरा निवासी कमलराम साहू श्रवण यंत्र और कोयलीबेड़ा के रविन्द्रनगर पखांजूर निवासी अनिल सिंह और नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम बाबूदबेना निवासी रविलेश गावर को ट्रायसायकल प्रदाय की गई।

---

**निर्णय : तुलसी जयंती और मानस विभूतियों का अलंकरण महोत्सव होंगे**

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के नव मनोनित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण महोत्सव गुण्डरदेही के शारदा वाटिका में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत उमेशानन्द गिरी प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ मंडल महंत राजिम, संत वीरेंद्र महाराज कामधेनु मंदिर भेंडी,संरक्षक एवम पूर्व सांसद मोहन मंडावी कांकेर,नंद गुप्ता समाज सेवी,रायपुर,श्रीमती तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर,अध्यक्ष जिला पंचायत,बालोद,प्रमोद जैन,अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही, दिप्ती पांडे कार्यकारी अध्यक्ष जगदलपुर, प्रतिष्ठान के पूर्व अध्यक्ष गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम तथा पूज्यपाद महाकवि तुलसी के छाया विग्रह की पूजा, अर्चना ,वंदना,दीप प्रज्ज्वलित एवं ध्वजारोहण कर किया गया। प्रतिष्ठान के सांगीतिक टीम लीलार सिन्हा ,पुष्पा मिश्रा, रामकुमार साहू,राकेश साहू,राजेश कश्यप,दादू मानिकपुरी द्वारा श्रीराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत कर की गई। प्रतिष्ठान के प्रदेश प्रवक्ता सीता राम साहू श्याम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आधार वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात संत उमेशानन्द गिरी द्वारा पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को प्रतिष्ठान के प्रति निष्ठा एवं प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्षीय तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने प्रतिष्ठान के कार्यों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष में तुलसी जयंती और मानस विभूतियों का अलंकरण महोत्सव जैसे दो प्रमुख आयोजन होंगे। समाजसेवी नंद गुप्ता ने रामचरित मानस को लोक जीवन का आदर्श ग्रंथ बताया तथा प्रमोद जैन ने शारदा वाटिका में पूरे प्रदेश भर से आए मानस के कथाकारों के आगमन को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा जहां भक्तों का चरण पड़ते हैं वहां भगवान स्वयं चले आते हैं सभी अतिथियों का उन्होंने प्रतिष्ठान की ओर से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। अतिथियों द्वारा प्रतिष्ठान के वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन मानसजी की आरती एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। संचालन त्रेता चंद्राकर एवम महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने किया। यह जानकारी लोकेश गायकवाड़ प्रदेश सलाहकार, जिलाध्यक्ष ने दी।



#### इनके नाम पर होंगे अलंकरण

मानस के नौ दिवंगत विभूतियों के नाम पर अलंकरण की घोषणा की गई। जिसमे श्री राम जननी माता कोसल्या,प्रतिष्ठान के प्रथम अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल रायपुर,दाऊ रामचंद्र देशमुख,संत कवि पवन दीवान राजिम, स्वामी आत्माराम कुम्भज बालोद, गजानंद देवांगन गरियाबंद,दादा बली राम कश्यप

#### मानव और चरित्र निर्माण के कार्य अनुकरणीय

मुख्य वक्ता उमेशानंद गिरी ने श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के बहुआयामी कार्यों, उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव और चरित्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे कार्य अत्यंत अनुकरणीय है। वीरेंद्र महाराज ने कहा कि आज समाज में अधर्म और अन्याय चरम पर है तब प्रतिष्ठान द्वारा गांव गांव में राम कथा का आयोजन वंदनीय प्रयास है। मोहन मंडावी ने वनांचल में हो रहे धर्मांतरण पर प्रहार करते हुए कहा कि श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान वनांचल क्षेत्र में सर्वाधिक सक्रिय हैं।। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने श्री राम कथा को भारतीय संस्कृति का आदर्श बताते हुए तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रशंसा की।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र ठाकुर,कोषाध्यक्ष छगन यदु,काशी राम जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष हृदय राम सोरी,रोहित जंघेल , श्याम चंद्रा,मुन्ना लाल देवदास, तामेश्वर साहू,दयानंद वर्मा, डॉ रेखराज साहू ,प्रदीप कुलदीप,त्रेता चंद्राकर, जितेंद्र पटेल , कुंज लाल साहू,पुष्पा मिश्रा,लोकेश गायकवाड प्रदेश सलाहकार,जिलाध्यक्ष, लीलार सिन्हा,पोषण शुक्ला,गौरी शंकर यादव, राजेंद्र लोचन तिवारी , शीतल साहू,अनिल रजक,गुप्तेश्वर बघेल, गिरधर गिरी गोस्वामी, के आर गजबल्ला, संभाग प्रमुख,गुमान साहू,चिम्मन साहू,बुधमन साहू,चेतन दुलार देवांगन,बी आर बेलसर, डॉ लक्ष्मण उमरे, रोहित देशमुख, मंजू लाल धनकर,बलराम साहू, रामकुमार साहू,जयकांत पटेल, छबिलाल सार्वा , बंशी लाल साहू, निरंजन साहू, लालेश्वर साहू, लालेश्वर पटेल,पुसन साहू सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए मानस मनीषी गण उपस्थित रहे।

---

## गंगालूर मुख्य मार्ग में रोडरोलर में लगी आग, घंटों आवाजाही रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नक्सलियों ने किया आगजनी या शार्टसर्किट से लगी आग पुलिस कर रही जांच

बीजापुर -गंगालूर मार्ग में रोड रोलर वाहन में आगजनी के बाद आवाजाही बंद हो गई। घंटों आवागमन बाधित रहा जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाया और आवागमन बहाल किया। जानकारी के मु ता बि क गंगालूर मुख्य मार्ग में सड़क निर्माण कार्य में लगी रोडरोलर में आग लगने की घटना के बाद मार्ग बाधित हो गया।

बताया जा रहा है कि बीजापुर थाना क्षेत्र के पामलवाया गांव के करीब गंगालूर मुख्य मार्ग पर रोड रोलर वाहन आग लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस व दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू



पाया। आशंका जताई जा रही है कि नक्सलियों ने रोड निर्माण कार्य में लगी रोलर मशीन को आग के हवाले कर दिया है, वहीं पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टतया रोड रोलर वाहन में आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है। रोड रोलर में आग लगने के बाद गंगालूर मार्ग पर आवाजाही बंद होने से राहगीर परेशान हो रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मार्ग में यातायात बहाल कर दिया है।

एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल दमकल वाहन भेजकर आग पर काबू पाया गयाद्ध प्रथम दृष्टतया रोड रोलर वाहन में आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट से होना लग रहा है। मौके पर पहुंचे जवानों द्वारा आग पर काबू पाकर मार्ग में यातायात बहाल की कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आगजनी के बाद कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई थी। एसपी ने कहा कि नक्सलियों द्वारा घटना को अंजाम दिए जान से इंकार नहीं किया जा सकता है बहरहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित जिला होने के चलते पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। नक्सलियों की मौजूदगी के चलते इलाके में सर्चिंग अभियान भी तेज कर दिया गया है। अक्सर माओवादी सड़क निर्माण में बाधा डलाने के लिए भी गाड़ियों में आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देते रहे है।

### बुलेट मोटर सायकल दुर्घटनाग्रस्त, शिक्षक की हुई मौत

**कांकेर।** शिक्षक निलम कस्तुरे अपने ससुराल ग्राम राऊरवाही से बुलेट मोटर सायकल से बाबूदबेना जा रहा था। करमोती मोड़ के पास मोटर सायकल को तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक उतावलेपन से चलाते हुए मोटर सायकल अनियंत्रित होने से मोटर सायकल से गिरकर मेन रोड़ के किनारे बने डिवाइडर में टकराने से गले में गंभीर चोट लगने से मौके पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार पोटगांव निवासी परिक्षित कस्तुरे पिता शंभु राम कस्तुरे अपने साथी डेविड पात्र, युवराज पात्र के साथ 17 जून को थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा छोटा भाई 27 वर्षीय नीलम कस्तुरे पिता शंभुराम कस्तुरे निवासी पोटगांव 17 जून को लगभग सुबह सवा 5 बजे के आसपास अपने ससुराल ग्राम राऊरवाही चौकी दमकसा से ड्यूटी जाने हाई स्कूल बाबू दबेना अपनी मोटर सायकल रायल इन फिल्ड हन्टर 350 क्रमांक सीजी 19 बीएस 7129 से निकला था।

## बाइक चोर गिरफ्तार, दो वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के दो वाहनों को भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी मुरहा राम चौहान पिता बंशीराम चौहान उम्र 53 वर्ष निवासी तारगांव(रांधना) थाना फरसगांव ने 23 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार की रात उसके घर के आंगन में रखे स्कूटी को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया । स्कूटी को आस पास खोजबीन किया नही मिलने पर प्रार्थी ने सोमवार को थाने में आकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। फरसगांव थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 79/2025 धारा 341 (4).305 (क) बीएनएस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। फरसगांव थाना प्रभारी संजय शिंदे ने नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की खोजबीन करते हुए चंद घंटों में ही बाइक चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने स्कूटी चोर जलधर मरकाम पिता शीतल मरकाम उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चनारटावरपारा, थाना नरहपुर जिला कांकेर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह पंद्रह दिन पूर्व ग्राम बहीगांव से एक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 27 पी 7268 को चोरी कर ले जाने। रविवार की तारगांव रांधना से एक स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एल 1464 को चोरी करना





कबूल किया गया। आरोपी के पास से चोरी के दोनों बाइक को जब्त किया गया। मंगलवार को आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

#### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि, सुरेन्द्र बघेल, सउनि यशवंत सेन, प्रधान आरक्षक मुपेन्द्र साहू, आरक्षक रामचरण सलाम, भुनेश्वर मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

---

## आयुष्मान आरोग्य केंद्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

क्षेत्र के ग्राम आलोर में स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र और बड़ेडोंगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य केंद्र का एसडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया दिए । निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारी आयुष्मान मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ, आरएचओ, एएनएम एवं स्टाफ उपस्थित मिले थे । एसडीएम ने प्रसव कक्ष, दवाई वितरण कक्ष ,स्टोर रूम, ओपीडी आईपीडी एवं भर्ती मरीजों निरीक्षण भी किए। स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की जानकारी लेकर उन्हें 3 दिन तक अस्पताल में ही उचित देखरेख करने निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही बरसात के



मौसम को ध्यान में रखते हुई मौसमी बीमारियों के लिए पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक रखने एवं स्नेक बाइट केस आने पर एंटी वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया।

### शिक्षा से हर समस्या का मिलता है हलः कामिनी

**कांकेर।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया जा रहा है। हाईस्कूल सुलंगी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें संकुल के सभी स्कूलों के नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर यूनिफॉर्म भेंटकर प्रवेश कराया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कामिनी उसेंडी ने कहा शिक्षा से जीवन में हर मुश्किल को हल किया जा सकता है। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर गांव व माता-पिता का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य सरोज उसेंडी ने की। विशेष अतिथि सरपंच दिनेश आचले, लैम्पस अध्यक्ष फूलसिंग उसेंडी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवसिंह पोटाई, प्राचार्य हरेंद्र साहू, संकुल समन्वयक मोहन वर्मा, उमेश शुक्ला सहित स्कूल स्टाप, बच्चे व पालक उपस्थित रहे।

## धरती आबा अभियान के तहत सारवंडी में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- ग्रामीणों को मिला तत्काल लाभ

धरती आबा अभियान के अंतर्गत जिले के नरहरपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सारवंडी में मंगलवार 24 जून को विशाल बहुविभागीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर केवल योजनाओं के लाभ वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरकार और समाज के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में उभरकर सामने आया। शिविर में सारवंडी, धनोरा, बरकई, चोरीया, दलदली, डबबीपानी, भिमाडीह और घोटीयावाही सहित आठ गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और मौके पर समाधान की पहल में जनपद उपाध्यक्ष संजु गोपाल साहू ने कमान संभाली। उन्होने कहा कि आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं को सुलभ रूप से पहुंचाकर सशक्तिकरण, सेवा और समावेशन की भावना को मूर्त रूप देना था। यह शिविर एक स्थान, अनेक समाधान की तर्ज पर पूरी तरह सफल रहा। यह पहल ग्रामीणों को आत्मविश्वास और भरोसे से भर देने वाली रही। शिविर में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, कृषि, राजस्व, श्रम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, और गैस एजेंसी समेत कई विभागों ने स्टॉल लगाए। सबसे ज्यादा भीड़ आयुष्मान भारत योजना के स्टॉल पर देखी गई, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन जमा किए और कुछ लाभार्थियों को मौके पर ही गोल्डन कार्ड प्रदान किया गया, जिससे उन्हें अब निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत नए गैस कनेक्शन, राशन कार्ड बनाने एवं सुधार, पेंशन योजनाओं, श्रमिक कार्ड, कृषि योजनाओं, और राजस्व संबंधी सेवाओं के लिए भी ग्रामीणों ने आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाया।



#### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता

आयोजित शिविर में जनपद सदस्य बंटी मीणा राय, सरपंच सरिता भास्कर, संतोषी नेताम, संगीता मरकाम, राजेंद्र मरकाम, हेमंत कुमार भास्कर, रामेश कुंजाम, महेश्वर शोरी, पूर्व सरपंच दया राम भास्कर, सुजित नेताम, पंचायत सचिव प्रभुराम मंडावी, दिनेश भुआर्य, संतोष लोन्हारे, प्रफुल्ल साहू, झगरूराम बघेल, बृजलाल मरकाम, बिनेशवरी मरकाम सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

#### खाद्य विभाग की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

शिविर की सफलता के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी की अनुपस्थिति एक बड़ा सवाल बनकर उभरी। ग्रामीणों ने शिकायत की कि राशन कार्ड में नाम जोड़ने, कटौती सुधार या नए आवेदन की प्रक्रिया बाधित रही। कई लोगों को बार-बार आने की मजबूरी जतानी पड़ी। इस मुद्दे पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी गंभीरता दिखाई और प्रशासन को संदेश दिया कि इस तरह की लापरवाही से जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य के शिविरों में इस तरह की चूक दोहराई नहीं जाएगी।


---

**टेंडर जारी, वर्षों पुरानी मांग होगी अब पूरी**

## नारायणपुर से अंतागढ़ सड़क निर्माण कार्य को मिली मंजूरी, 134.37 करोड़ से बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिलेवासियों के लिए डबल इंजन की सरकार ने बड़ी सौगात दी है। वर्षों से नारायणपुर से अंतागढ़ के बीच सड़क की जर्जर हालत से जूझ रहे लोगों के लिए अब राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नारायणपुर-अंतागढ़ रोड एसएच- 50 के किमी 126 से 171 तक के हिस्से की चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना की कुल लंबाई 46 किलोमीटर है, जिसमें पुल-पुलियों सहित निर्माण कार्य शामिल है। 134.37 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 18 माह तय की गई है। नारायणपुर से अंतागढ़ मार्ग वर्षों से खराब स्थिति में था, जिससे आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेष



रूप से बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़, गड्ढों और जलभराव का रूप ले लेती थी। अब इस टेंडर के ज़रिए एक मजबूत, चौड़ी और टिकाऊ सड़क का निर्माण होना तय है। जिससे स्थानीय जनता, व्यापारी, स्कूली छात्र, स्वास्थ्य वाहन सभी को लाभ मिलेगा। इस कार्य के लिए जिलेवासियों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के प्रति आभार जताया है। वर्षों से लंबित इस परियोजना को उनके नेतृत्व में मंजूरी मिली, जो जिले के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**सड़क बन जाने से सीधा व सुरक्षित संपर्क होगा**

इस सड़क के निर्माण से न केवल नारायणपुर और अंतागढ़ के बीच सीधा और सुरक्षित संपर्क होगा, बल्कि यह क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों से मुख्य मार्गों तक पहुंच आसान होगी। नारायणपुर से अंतागढ़ सड़क निर्माण का यह टेंडर वर्षों से लंबित जनआकांक्षा की पूर्ति का प्रतीक है। यह विकास के उस रास्ते को प्रशस्त करेगा, जिसमें जनता की सुविधाएं, गति और सुरक्षा प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## डीएसपी एवं थाना प्रभारी सरोना के आत्मानंद स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल सरोना में अध्ययनरत छात्रों को ऑनलाइन फ्राड, सायबर काईम, धोखाधड़ी, महिला एवं बालिका संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति एप्स, यातायात संबंधी जानकारी एवं नशा के दुष्प्रभाव को उदाहरण सहित बताकर नशा मुक्ति के संबंध में समझाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देश पर एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रत्येक थाना एवं चौकी के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों पर अधिकारी पहुँचकर छात्र-छात्राओं एवं लोगों से मुलाकात कर ऑनलाइन फ्राड, सायबर क्राईम, धोखाधड़ी, महिला एवं बालिका संबंधी अपराध, नशा मुक्ति ,यातायात व्यवस्था संबंधी जानकारी से अवगत कराकर जागरूक किया जा रहा है। डीएसपी अविनाश ठाकुर, दुधावा चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार वर्मा एवं उनकी टीम सरोना के शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल में पहुँचकर छात्रों को जागरूक करते हुए फेसबुक, व्हास्टसअप, इस्टाग्राम मैसेंजर जैसे एप्लीकेशन को सुरक्षित रखने एवं हैक होने से बचाने के उपाय बताया गया। छात्रों को हमेशा अनुशासन में रहकर नियमों को पालन कर समाज एवं देश के लिए अच्छे नागरिक बनने बताया गया। आयोजित कार्यक्रम में शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सरोना की प्राचार्य अनिता दास, शिक्षक खेमनारायण एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### 20 स्कूलों का बीईओ व एबीईओ ने किया निरीक्षण



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत पांच संकुल के 20 प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का निरीक्षण बीईओ भारती देवांगन एवं एबीईओ सुशील तिवारी ने किया। जानकारी में बताया कि कई जगह अव्यवस्था पाए जाने पर प्रभारी को स्थिति सुधारने निर्देशित किया गया। जर्जर शालाओं में बच्चों को नहीं बैठाये जाने के निर्देश सभी शालाओं को दिया गया एवं वैकल्पिक व्यवस्था भी शाला संचालन हेतु की गई।

### मलेरिया मुक्त अभियान का 12वां चरण आज से

**बीजापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान बारहवां चरण 25 जून से 24 जुलाई तक चलाया जाएगा। यह राज्य व्यापी स्वास्थ्य अभियान, जनभागीदारी, सतत निगरानी और सामुदायिक जागरुकता के माध्यम से मलेरिया उन्मुलन के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत जिले के कुल लक्षित जनसंख्या 2,93,045 का मलेरिया जांच एवं उपचार किया जाना है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य मलेरिया की जांच एवं उपचार हेतु घर घर जा कर सुविधा प्रदान करना।

### अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरणों का करें निराकरण

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की तैयारियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के संबंध में संस्था प्रमुख एवं प्राचार्यों की नियमित बैठक लेने, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के संबंध में छूटे हुए हितग्राहियों की पंचायतवार मोनिटरिंग, अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए निराकृत करने के संबंध में संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवार पुनर्वास सुविधा शिविर के संबंध में जानकारी दी गई।

### विधायक ने रेटावंड में सांस्कृतिक मंच का किया शुभारंभ

# सड़क निर्माण को लेकर जताई चिंता, अफसर सुधर जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड/घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज ग्राम पंचायत रेटावंड पहुंचे, जहां स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से उनका स्वागत किया। सरपंच और जनपद सदस्य का भी स्वागत किया गया।

■ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश



विधायक ने रेटावंड में नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का विधिवत शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से गांव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और यह मंच ग्रामीण संस्कृति को संजोने में सहायक सिद्ध होगा। इसके पश्चात विधायक ने रेटावंड लैम्पस का निरीक्षण किया और वहां मौजूद किसानों से संवाद करते हुए लैम्पस के लाभों की जानकारी ली। बातचीत के दौरान अधिकांश किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। डीएपी खाद की अनुपलब्धता को लेकर किसानों में असंतोष है। विधायक ने इस विषय पर दुकान संचालक से जानकारी ली और विभागीय स्तर पर जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों को राहत दिलाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्राम पंचायत रेटावंड में निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किए। रोड की खस्ताहाल स्थिति को देखकर ठेकेदार और पंचायत सचिव पर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर यह सड़क बनाई गई थी, लेकिन महज छह महीनों में ही सड़क अपनी उपयोगिता खो चुकी है, जिससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों को स्थायी सुविधा मिल सके। ग्राम पंचायत रेटावंड दौरे के दौरान विधायक ने गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस दौरान जनपद सदस्य सूरज कश्यप, मानसिंह कश्यप, रुपसाय कोर्राम, भोलाराम, सोमन, दिनुराम, सामदास, बुधराम, चरण यादव, सुकुल यादव, रुबिया गौरी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, हरदास बघेल एवं समस्त ग्रामवासी व कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के समग्र विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा आवश्यक संसाधनों कि सभी स्कूलों में शिक्षा दूत की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शाला त्यागी बच्चों का तत्काल नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। जन्म प्रमाण पत्र एवं वोटर आईडी, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को यह मूलभूत दस्तावेज समय पर उपलब्ध हों। नक्सल पीड़ति परिवारों के सैचुरेशन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन, आंगनबाड़ी सेवाओं, तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने की बात कही। गर्भवती महिलाओं का समय पर इलाज सुनिश्चित करने एवं एम्बुलेंस की सुगमतापूर्वक उपलब्धता पर भी विशेष जोर दिया।

मानसून को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कहा कि जलभराव की स्थिति न बने, इसके लिए सभी विभाग आवश्यक तैयारियां रखें। बसाहट वाले इलाकों में राहत भवन, क्विक रिस्पॉन्स टीम, एवं मॉनिटरिंग टीम सक्रिय रखी जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैक्टर या अन्य संसाधनों के माध्यम से राशन को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाया जाए, ताकि ग्रामीणों को दूर-दराज नहीं जाना पड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने में तत्परता दिखाएं।

## बस्तर में शिक्षकों का बहुभाषी शिक्षा पर उन्मुखीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बस्तर और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के निर्देशों के अनुसार, बस्तर ब्लॉक डीआईईटी में नवीन पाठ्यपुस्तक शिक्षक प्रशिक्षण एफएलएन के तहत एक महत्वपूर्ण बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस 6 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले भर के संकुल समन्वयकों और शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों में हुए बदलावों और बहुभाषी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है।

इस प्रशिक्षण में बस्तर जिले के सात ब्लॉकों बस्तर, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा, दरभा, तोकापाल, जगदलपुर और बकावंड से कुल 21 सीएससी और 42 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में नवीन पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों को गहराई से समझा गया और बस्तर जिले के सावधिक आकलन पर आधारित डेटा विश्लेषण पर भी चर्चा हुई। एनसीएफ-एफएस 2022 शिक्षा नीति राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा मूलभूत स्तर 2022 की शिक्षा नीति के सिद्धांतों और पठन के चार प्रमुख दृष्टिकोणों मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन और लेखन पर विस्तृत चर्चा की गई। गणित की शिक्षण प्रक्रिया पर भी गहन चर्चा हुई, जिसमें प्राथमिक कक्षाओं में गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के लिए साप्ताहिक शिक्षण योजना और शिक्षक संदर्शिका पर शिक्षकों के बीच समझ विकसित की गई। इस प्रशिक्षण में जिले के एसआरजी समूह और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन की पूरी बस्तर एलएलएफ टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्रों के दौरान कक्षा में की जाने वाली गतिविधियों और शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें सीएसीएस और शिक्षक साथियों ने अपने अनुभव साझा किए और सुधार के संभावित तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

इस प्रशिक्षण का एक मुख्य फोकस बहुभाषी शिक्षा पर रहा, जिसमें बच्चों की घर की भाषा को शिक्षण कार्य में विशेष महत्व दिया गया। शिक्षकों को हल्बी और भतरी जैसी स्थानीय भाषाओं को शिक्षण के माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे बच्चों को सीखने में आसानी हो और उनकी अपनी भाषा को सम्मान मिले। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवीन पाठ्यपुस्तकों पर शिक्षकों की समझ को बढ़ाना और उनकी शैक्षणिक क्षमता को मजबूत करना है। साथ ही, यह प्रशिक्षण शिक्षकों को अपने-अपने स्कूल स्तर की चुनौतियों को पहचानने और उनका समाधान निकालने में भी मदद करेगा।

### धाकड़ समाज का आमसभा आज

**घोटलोहंगा।** धाकड़ समाज बस्तर संभाग की साधारण आम सभा का आयोजन 25 जून को प्रातः 11 बजे से ग्राम गुच्चागुड़ा में स्थित धाकड़ समाज भवन में सुनिश्चित किया गया है। इस सभा में संभागीय जिला एवं युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के चुनाव पर विचार-विमर्श, नव सदस्यता अभियान व सामाजिक एकता पर चर्चा व समाज के रीति-नीति एवं सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सन 1910 के भूमकाल विद्रोह में शहीद हुए धाकड़ समाज के वीरों एवं उनके परिवार के लोगों का सम्मानित किया जाएगा। शहीद एवं उनके परिवार का नाम घेनवा पिता आसाराम कमल सिंह धाकड़ परचनपाल, मिलाप पिता घेनवा अजब सिंह धाकड़ केसरपाल, उजियार पिता महाराज ईश्वर सिंह धाकड़ मर्दापाल, नरसिंह पिता पनकू, चैन सिंह धाकड़ कड़मा, बोंगू पिता भगचंद रामनाथ धाकड़ कुंदालगांव, धाकड़ समाज के परगना मांझियों में मंगलू सिंह मांझी करेकोट परगना बस्तर, वीरो सिंह भाजी, बचेली परगना दंतेवाड़ा, शशि भूषण सिंह मांझी अमरगढ़ परगना सुकमा का किया जायगा सम्मान। समाज के गौरव छात्र- छात्राओं में कुमारी कविता धाकड़ पिता मनभाल सिंह, माता चंपा धाकड़, ग्राम बोरपदर जिन्होंने कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया है किया जाएगा सम्मान।

## सातवीं अंतर्राष्ट्रीय अबेकस एवं वैदिक गणित स्पर्धा में बस्तर के बच्चों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




सातवीं अंतर्राष्ट्रीय अबेकस व वैदिक गणित स्पर्धा में प्रतिभागी रहे जिले के 10 में से 9 बच्चों ने जीत दर्ज की है। ये सभी बच्चे शहर के मास्टर किड्स अबेकस एकेडमी के है।

परीक्षा का प्रारूप 6 मिनिट में लिखित अबेकस के साथ एवं अबेकस के बिना मेंटल मैथ्स होती है। स्पर्धा के जूनियर लेवल वन में यूकेजी के छात्र आयांश दास विथ अबेकस में थर्ड पोजिशन और मेंटल मैथ्स में चैंपियन रहे। वहीं फंडामेंटल लेवल ग्रुप बी में विराज यादव विथ अबेकस में चैंपियन ऑफ चैंपियन एवं मेंटल मैथ्स अबेकस में चैंपियन रहे व फंडामेंटल लेवल ग्रुप ए विथ अबेकस में के. प्रियांश को तृतीय स्थान मिला जबकि फंडामेंटल लेवल ग्रुप बी में अन्वी भदौरिया विथ अबेकस में चैंपियन रही।

■ जिले के प्रतिभागी 10 बच्चों में 9 बने विजेता



अबेकस टीचर खुशबू यादव ने बताया कि फंडामेंटल ग्रुप के बच्चे समर वेकेशन में अप्रैल माह से अबेकस पढ़ना स्टार्ट किए थे। बच्चों ने दो महीना में दो लेवल कंप्लीट कर लिया और 6 मिनट के पेपर को प्रैक्टिस में बच्चे चार से पांच मिनट में करने लगे। इसके बाद सभी ने 22 जून को रायपुर में आयोजित स्पर्धा में भाग लिया। लेवल वन ग्रुप में पलक टंडन विथ अबेकस में चैंपियन, वेद कुमार प्रधान ने लेवल वन में हिस्सा लिया, लेवल थर्ड गुप बी में नव्या एवं नित्य यादव विथ अबेकस में चैंपियन रहे, मेंटल मैथ्स अबेकस में नित्य यादव चैंपियन रही, लेवल फाइव ग्रुप बी में सोनाक्षी पटेल विथ अबेकस में फर्स्ट रही। फंडामेंटल लेवल ग्रुप सी में अविराज पाण्डे विथ अबेकस व विदआऊट अबेकस में चैंपियन ऑफ चैंपियन रहे। स्पर्धा में सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने पालकों के साथ संस्था व बस्तर का नाम रौशन किया है।

## डीएवी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरन्दुल




डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्ष भर चलने वाली पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएं सीसीए कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सभागार में विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव एवं सभी सदन प्रभारी के पी सिंहा, राजकुमार राय, रूपा सक्सेना एवं धरती वर्मा तथा सीसीए प्रभारी एमके डागरिया, नीति सिंह तेजिंदर कौर, रेखा सिंह एवं अर्चना बघेल के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ आरम्भ हुआ।

विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विद्यालय में निरंतर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं चारों सदनों के मध्य आयोजित की जाती है। आज इस कार्यक्रम का आरंभ विभिन्न सदनों के मध्य कक्षा छठवीं से आठवीं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए भजन प्रतियोगिता एवं कक्षा नवमी से 12वीं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा राजस्थानी मराठी, छत्तीसगढ़ी एवं बंगाली लोकनृत्य का शानदार प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की एवं भविष्य में सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया।

## विधायक के जनचौपाल में निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड



बस्तर विधानसभा अंतर्गत बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत संवरा में विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने दूसरे जनचौपाल का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत में चल रहे निर्माणधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं।

जनचौपाल के दौरान सरपंच आसमती बघेल ने विधायक लखेश्वर बघेल के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें जनता ने अपार स्नेह और विश्वास के साथ सरपंच पद पर निर्वाचित किया है और वह पूर्ण मनोयोग से पंचायत विकास के लिए कार्य करना चाहती हैं, लेकिन ग्राम के पूर्व सरपंच द्वारा अभी तक उन्हें चार्ज नहीं सौंपा गया है। इसके चलते उन्हें निर्माणधीन कार्यों की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिससे कार्यों की निगरानी और संचालन प्रभावित हो रहा है।

विधायक लखेश्वर बघेल ने इस गंभीर विषय को तत्क्षण संज्ञान में लेते हुए जनपद सीईओ को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत संवरा में जो भी अधूरे निर्माण कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए साथ ही उन्होंने सरपंच आसमती बघेल को अधिकारिक रूप से चार्ज दिलाने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ग्रामवासियों को सूचित करने का निर्देश दिया।

विधायक ने ग्रामवासियों की अन्य मांगों पर भी गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की और उन्हें मौके पर पहुंचकर टीम सहित निरीक्षण करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत संवरा में चल रहे अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर ग्रामीणों में नाराज़गी देखी गई। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बस्तर विधायक से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया। जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तुरंत जनपद पंचायत के सीईओ को फोन कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सचिव की भूमिका पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा। विधायक की इस तत्परता से ग्रामीणों में संतोष की भावना देखी गई। जनचौपाल से ग्राम पंचायत संवरा में विकास की दिशा में एक नई उम्मीद जगी है। विधायक की सक्रियता और तत्परता ने ग्रामीणों में विश्वास की भावना को और मजबूत किया है।

इस दौरान मौजूद रहें जनपद सदस्य मंगलदेई बघेल, सरपंच आसमती बघेल, उपसरपंच विकाश गुप्ता, पुजारी रामधर बघेल, पूर्व सरपंच बलिराम बघेल, लछिमनाथ कश्यप, सोनू राम बघेल, युवा नेता भुवनेश्वर कश्यप जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, हरदास बघेल एवं ग्रामवासी व समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## जनहित में 5 योजनाओं के संबंध में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार गठित जागृति, आशा, संवाद, डान, साथी इकाई के सदस्यों हेतु बैठक, कार्यशाला 19 मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया था।

उक्त कार्यशाला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के डान योजना के तहत नशीली दवाईयों के दुरूपयोग से ग्रस्त संवेदनशील क्षेत्रों और आबादी की पहचान कर पहचान कर कानूनी सहायता पहुंचाना और दाण्डिक कानून की जानकारी देना, नशीली दवाओं से प्रभावित व्यक्तियो और परिवारों को कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान करने, जागृति योजना के तहत जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के लिए विधिक जागरूकता फैलाने, संवाद योजना के तहत अनुसूचित जन जातियों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, आदिवासियों से संबंधित कानून का प्रचार प्रसार, आदिवासी समुदायो को कानूनी प्रतिनिधित्व, शोषण से सुरक्षा न्याय तक पहुंच एवं हाशिये पर पड़े कमजोर आदिवासियो और विमुक्त, खानाबदोश जन जातियों को न्याय देने एवं साथी योजना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) (एफ) को कायम रखने, बेसहारा बच्चों को कानूनी, पहचान प्रदान, सड़को पर या देखभाल गृहो में रहने वाले, निराश्रित बच्चों को सरकारी लाभ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न बालकल्याण कानूनो के तहत सुरक्षा प्रदाय तथा आशा योजना के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और किशोर न्याय बच्चों की देखभाल एवंसंरक्षण अधिनियम 2015 के कानूनी ढांचे के बारे में जागरूकता, लड़कियों, लडकों, माता-पिता, अभिभावकों को बाल विवाह के लिए सामाजिक और पारिवारिक दबाव का सामना करने के लिए सशक्त बनाने, उनमें व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास सहित वैकल्पिक रणनीति को बढ़ावा देने, बाल विवाह को समाप्त करने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार मंथन किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार होता की अध्यक्षता में नालसा के उपरोक्त पॉचो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गयी है उपरोक्त बैठक में कलेक्टर दंतेवाड़ा, पुलिस अधीक्षक कमेटी के सदस्य, न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**/ ईश्तहार /**

रा.प्र.क्र. / 202504151000201/ब-121/2024-25

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका पूनम मौर्य पिता भदरू मौर्य जाति मुरिया ग्राम चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर द्वारा इस न्यायालय में आवेदिका अपनी स्वंय पूनम मौर्य पिता भदरू मौर्य का जन्म दिनांक 05/08/2000 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 30/06/2025 को नियत किया गया है, यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत चित्रकोट के सुचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 16/06/2025

मुहर

**तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / 202505160100005/अ-21 (5) / 2024-25
ग्राम- कतियाररास

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निशा रथ पति दीनबंधु रथ उम्र 56 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी शिव मंदिर वार्ड जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. के द्वारा ग्राम कतियाररास, प.ह.न. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 188/3 रकबा 0.2600 हे. को क्रेता हरीश सोनी पिता ईश्वर लाल सोनी उम्र 35 वर्ष जाति सोनार निवासी मकान नंबर 62, वार्ड नंबर 04 गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 20/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**दंतेवाड़ा**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

**भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग**
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में योगा



**नगरनार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरनार के स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ के द्वारा योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया । इनमें विकास दास, तमा आशिम गाइन, माया गावड़े, भारती नाग, क्षमता दास, शकुन्तला भण्डारी तथा उपासना शामिल थे।

### मानसून पूर्व रखरखाव कार्य में की ट्री कटिंग व मेंटनेंस



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर जोन में मंगलवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे मानसून पूर्व रखरखाव कार्य में की लाईन से सटे ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस किया। इसमें कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के निर्देश पर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी नेतृत्व में कर्मचारी दिन भर जुटे रहे। मेंटनेंस के चलते सनसिटी सूर्य मंदिर, मोहन नगर, पुराना मनीष किराना, जलाराम मंदिर, मैत्री संघ गली, एफसीआई गोडाउन, बंगिय समाज, जमाल मिल, पुराना फॉरेस्ट कालोनी, कालीबाड़ी स्कूल, माड़िया चौक, कुम्हारपारा फिरंता बाजार चौक, बोधघाट, वर्धमान कालोनी, साकेत कालोनी, एयरपोर्ट, बीएसएनएल ऑफिस, वृंदावन कॉलोनी,चमडा गोदाम, मस्जिद, अरोरा गली, लुथरान चर्च, कालिबाड़ी एवं आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### आईटीआई भानपुरी में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन संस्था में संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, दो वर्षीय व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर व्यवसायों के लिए किया जा सकता है। संस्था में उपलब्ध सीटों की जानकारी एवं संबंधित नियम निर्देश विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी अथवा किसी प्रकार की सहायता के लिए संस्था के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# ई-ऑफिस से फाइलों की रियल-टाइम ट्रैकिंग की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन को सशक्त बनाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाने के लिए जिले के सभी विभागों और कार्यालयों में ई-ऑफिस को लागू करने हेतु मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे सभी विभागों में इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ने के पश्चात अब जिला स्तर पर भी इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। ई-ऑफिस प्रणाली से सरकारी कार्यों की गति, दक्षता और पारदर्शिता में अभूतपूर्व सुधार होगा। इस पहल से सरकारी प्रक्रियाओं में स्वचालन आएगा, जिससे फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी, निर्णय लेने की गति तेज होगी। राज्य शासन डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर सशक्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ई-गवर्नेंस को प्रभावी रूप से लागू किया है, जिससे राज्य की सभी सरकारी सेवाएं अधिक पारदर्शी, सुगम और त्वरित बनेंगी। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को सुशासन के प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया गया है, जिससे सरकारी सेवाएं तेजी से और आसानी से जनता तक पहुंचेंगी। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अनुभाग एवं खण्ड स्तर के कार्यालय प्रमुख तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला ई-ऑफिस संचालन का प्रशिक्षण



#### शंकाओं का किया समाधान

ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से फाइलों के अनुमोदन में लगने वाला समय कम होगा, जिससे प्रशासनिक निर्णयों को शीघ्र लागू किया जा सकेगा। इसमें फाइलों की रियल-टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा, व्यवस्थित संधारण सहित डुप्लिकेशन रोकने के लिए केंद्रीकृत डेटा प्रबंधन की सुविधा शामिल है। कागजी कार्यवाहियों में कमी आने से सरकारी कार्यालयों की कार्यक्षमता में सुधार होगा और शासन अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनेगा। ई-ऑफिस प्रणाली से कागज, मानव संसाधन और परिवहन लागत में भी बचत होगी, जिससे सरकारी खर्चों में भी कमी आएगी। ई-ऑफिस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। इसके

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर करें कार्रवाई



अलावा नगरीय क्षेत्र में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वालो पर निरंतर कार्यवाही नगर निगम करे और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार कार्यवाही करें। सोमवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कहा कि शाम के समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सभी मुख्य मार्गों में जांच कर कार्रवाई किया जाना चाहिए। इसके साथ ही पर्यटन स्थलों के समीप भी शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के वाहनों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने शहर से लगे हाईवे पर संकेतक बोर्ड लगाने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर भी चर्चा किया। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारी को जगदलपुर शहर के प्रमुख चैराहों पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति नहीं देने के लिए निर्देश दिए ताकि आवागमन बाधित ना हो। उन्होंने महारानी अस्पताल में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था को संचालित करने के भी निर्देश दिए। आवारा पशुओं की सड़कों को रोड से हटाने एवं कार्यवाही में कलेक्टर ने कहा कि पशुओं को काऊ कैचर से पकड़ कर कांजी हाउस में रखें और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास करवाकर स्थल को चिन्हित करवाएं ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि इंटरसेप्टर के माध्यम अधिक स्पीड में वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने हैवी लोडेड वाहनों का बायपास सड़क का अधिक उपयोग करवाने पर जोर दिया। स्कूलों बसों का निरीक्षण-परमिट शर्तों का उल्लंघन पर कार्यवाही पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन से चर्चाकर क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करने वाले ऑटो और वैन पर भी समझाईश देकर कार्यवाही करें। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य पहलुओं के साथ साथ जगदलपुर शहर के अंदर पार्किंग व्यवस्था को सुधार करने और स्थल का चयन करने पर चर्चा किया गया। बैठक में आरटीओ डी बंजारे सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## सर्व नाई समाज संघ की बैठक में पदाधिकारियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व नाई समाज संघ की बैठक कुम्हारपारा स्थित सामाजिक भवन में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सरोज श्रीवास, अनिल ठाकुर और रामकृष्ण राव को नियुक्त किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी कृष्ण ठाकुर को सौंपी गई, जबकि सहसचिव के रूप में शेखर ठाकुर, श्रीकांत राव और हरि श्रीवास का चयन हुआ। कोषाध्यक्ष के रूप में गौरीशंकर श्रीवास और सह-कोषाध्यक्ष के रूप में राम लखन ठाकुर को मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी बास्की ठाकुर को दी गई। वहीं सलाहकार मंडल में राजू राव, राधेश्याम श्रीवास, भास्कर राव, सियाराम ठाकुर, शंभू ठाकुर और वसंत राव को शामिल किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मोनू ठाकुर, सोनू श्रीवास, अनिल कुमार, शरद कुमार, रामू सविता, चंदन ठाकुर, राकेश ठाकुर, प्रेमजीत, मिथिलेश, जितेन और लल्लन का नाम शामिल है। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य भास्कर राव, वसंत राव, राधेश्याम श्रीवास, संदीप श्रीवास, जननायक कपूरी ठाकुर संगठन के संभागीय अध्यक्ष शंकर सेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाज के उत्थान, एकता और संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई तथा समाज को सशक्त दिशा देने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में गणमान्य सदस्य बाबू साहब, राजा ठाकुर, संतोष ठाकुर, सतीश श्रीवास और राजेश श्रीवास की भी सक्रिय सहभागिता रही।

# अतिक्रमण कर रहे कोण्डागांव के 3 लोगों को जेल भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार और मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त व वनमंडलाधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में, एसडीओ बस्तर और वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड सौरभ रजक के नेतृत्व में वन

- वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर की गई कार्रवाई

परिक्षेत्र करपावंड के परिसर गोटीगुडा के कक्ष क्रमांक आरएफ 1135 नया 155 में अवैध कटाई और अवैध अतिक्रमण के आरोप में ग्राम छतोड़ी जिला कोण्डागांव के 3 आरोपियों बलदेव कोराम, धरम कोराम, सोमन सिंह के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 और लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल विवेक जायसवाल, परिक्षेत्र सहायक बालकदास बघेल, बनसिंह कर्मा, कमलोचन बघेल, महेश पांडे, दिनेश आलम और बीट फील्ड ऑफिसर मंगल कश्यप, कलमू देवा, तुलेश बघेल, सोनाधर मौर्य, रघुनाथ नाग, वन प्रबंधन समिति गोटीगुडा के सदस्य और परिक्षेत्र के सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। वन मंत्री ने कहा कि वन संपदा हमारी धरोहर है, और इसके संरक्षण के लिए कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। अपील किया है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार की वन अपराध की जानकारी तुरंत विभाग को दें। वन मंत्री केदार कश्यप के स्पष्ट निर्देशों के अंतर्गत वन क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु वन विभाग निरंतर सजगता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में, वन परिक्षेत्र करपावंड के रेंजर सौरभ रजक के द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई में, वन भूमि पर अवैध रूप से कटाई और अतिक्रमण में लिप्त कुछ व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ा गया।

# कांग्रेस ने संविधान व लोकतंत्र की हत्या कर थोपा था आपातकाल : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने आज से ठीक पचास साल पहले 25 जून 1975 को अपनी कुर्सी बचाने व सत्ता पर बने रहने के लालच में संविधान व लोकतंत्र की हत्या करते

- कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता आज भी कायम
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रवार्ता में कांग्रेस पर लगाए कई आरोप

हुये देश में आपातकाल थोप दिया था। कांग्रेस पार्टी के इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब जब कांग्रेस की सत्ता संकट मे होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक में रखने से पीछे नहीं हटते। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों में बदलाव हुआ है, कांग्रेस की नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।

मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्र वार्ता को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सत्ता लोभ कांग्रेस का स्थायी चरित्र है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को इंदिरा गाँधी को चुनाव में भ्रष्ट आचरण व सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करने का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्ष तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य घोषित कर दिया था जिससे घबराकर सत्ता पर काबिज रहने के लिये इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को आतंरिक अशांति का हवाला देकर राष्ट्रपति से देश में आपातकाल लगा दिया। जिसके बाद रातोंरात प्रेस की बिजली काटी गयी, नेताओं को बंदी बनाया गया और देश में तानाशाही लाद दी गयी। संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया, संसद व न्यायपालिका को अपंग बनाने का घृणित कृत्य कांग्रेस ने किया। कांग्रेस का यह काला चेहरा व चरित्र देश की जनता को जानना व समझना होगा। पत्र वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विद्याशरण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही, जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### कांग्रेस एक परिवार तक सिमटी

किरण सिंह देव ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थी, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुये उन्होंने लोकतंत्र को बंधक बनाकर तानाशाही में बदल दिया था। आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का हाल यह है कि वहां विरोध का दमन, धार्मिक तुष्टिकरण व सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है। आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल,प्रियंका के इर्दगिर्द सिमटी हुई है।

### सेना पर सवाल उठाना कांग्रेस की प्रवृत्ति

देव ने कहा कि आज कांग्रेस के चेहरे बदल गये हैं लेकिन तानाशाही की प्रवृत्ति और सत्ता का लोभ जस का तस है। देश की सुरक्षा, सैन्य कार्रवाई या विदेश नीति पर कांग्रेस जिस तरह सेना पर सवाल उठाती है, न्यायपालिका पर हस्तक्षेप, फ्री स्पीच के नाम पर अराजकता और मीडिया ट्रायल को बढ़ावा देकर कांग्रेस आज नये तरीकों से देश में वही आपातकाल लागू करना चाहती है।

# सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैकस्पॉट चिन्हांकित कर लगाएं संकेतक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम पोर्टल, अटल पोर्टल, सीएम जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार प्राथमिकता से एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, तथा सभी निपटाए गए प्रकरणों को ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन किया जाए। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों में आवारा पशुओं के व्यवस्थापन के लिए कांजी हाउस का चिन्हांकन और आवारा पशुओं को रेडियम मार्किंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल पुनर्वास और अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में तेजी लाने और नियद नेल्लानर योजनांतर्गत विभिन्न विभागों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



#### नवोदय एवं प्रयास विद्यालयों में ग्रामीण बच्चों का चयन सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग के तहत छात्रावास भवन निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय पोटाकेबीन संचालन की समीक्षा की। साथ ही, नवोदय एवं प्रयास विद्यालयों में ग्रामीण बच्चों का चयन सुनिश्चित करने हेतु विशेष कोचिंग व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए।


# समर कोर्स में 6 छात्राएं मेरिट में पास हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंजू शिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण संस्था में दो माह का सिलाई समर कोर्स चलाया गया। जिसमें पॉलिटेक्निक कॉलेज की छह छात्राओं ने कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेरिट में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्थान की संचालिका अंजु राय ने मेरिट में आए छात्राओं की सराहना करते कहा कि यहां बालिकाओं , युवतियों और महिलाओं के लिए समय समय पर कोर्स आयोजित किए जाते है। जहां खास तौर पर गरीब को प्राथमिकता दी जाती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411